FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना सिरसागंज दिनांक 07-12-2024 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम एलमपुर में हुई हत्या की घटना का 03 घंटे के अन्दर खुलासा करते हुए अभियुक्त अर्जुन को आलाकत्ल ईंट सहित किया गिरफ्तार।

- **दिनांक 06.12.2024 को ग्राम एलमपुर सिरसागंज में विनोद उर्फ प्रमोद की ईंट मारकर की गयी थी हत्या.....**
- **घटना के सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 540/2024 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया.....**

दिनांक 06.12.2024 को जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज के ग्राम एलमपुर सिरसागंज समय 22.30 बजे विनोद उर्फ प्रमोद पुत्र दिनेश निवासी संतोष नगर ठारपूठा के पास थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद हाल पता ग्राम एलमपुर थाना सिरसागंज उम्र करीब 40 वर्ष जाति लोधी की ईट मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में वादी श्री राधेश्याम पुत्र श्री रामऔतार निवासी ग्राम साँथी थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद जाति लोधी की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 540/2024 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अभि0 अर्जुन पुत्र श्री संतोष निवासी अलीपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना सिरसागंज पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही करते हुये महज 03 घण्टे के अन्दर आज दिनांक 07.12.2024 को मुकदमा उपरोक्त के नामजद अभियुक्त अर्जुन पुत्र श्री संतोष निवासी अलीपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष को ग्राम एलमपुर हाईवे से जाने वाले रास्ते पर स्थित दुकानों के पास से गिरफ्तार किया गया। अभि0 अर्जुन उपरोक्त की निशांदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक अदद ईट बरामद की गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1. अभि0 अर्जुन पुत्र श्री संतोष निवासी अलीपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1-थाना प्रभारी श्री वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज

2-व0उ0नि0 अजेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज

3-उ0नि0 राजनारायण सिंह थाना सिरसागंज, 4-उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।

5-प्रशि0उ0नि0 पवन कुमार, 6-प्रशि0उ0नि0 कौशल कुमार थाना सिरसागंज

7-हे0का0 824 राजकुमार, 8-का0 56 बलवीर सिंह थाना सिरसागंज

9-का0 458 अर्जुन पुनिया थाना सिरसागंज, 10-का0 1073 विकाश कुमार थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।